# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# ग्रामीण निर्माण विभाग (पी0एम0जी0एस0वाई0)
# प्रखण्ड कर्णप्रयाग।

**Phone/Fax- 01363-244843** **E-Mail- eepmgsykaranprayag1@rediffmail.com**

पत्रांक 809 /चार–प्रावि0/वन भूमि/पी0एम0जी0एस0वाई0/2019–20, दिनांक 23 /01/2020

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव वन प्रभाग,
गोपेश्वर।

विषयः– जनपद चमोली में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत लामबगड़ (नैलबैण्ड) से झूमाखेत (कुशरानी मल्ली) लिंक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.4165 है0 वनभूमि का गैरवानिकी कार्यो हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन किये जाने के सम्बन्ध

सन्दर्भः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी देहरादून E.D.S दिनांक 13.01.2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी देहरादून E.D.S दिनांक 13.01.2020 के क्रम में लामबगड़ (नैलबैण्ड) से झूमाखेत (कुशरानी मल्ली) लिंक मोटर मार्ग के वनभूमि प्रस्ताव पर इंगित कमियों की बिन्दुवार सूचना निम्नानुसार हैः–

| S.n. | E.D.S. R.O. | Reply by User Agency |
|---|---|---|
| 1 | Number of tree mentioned online are 426. However, submitted in hard copy area 427. State Government may remove this discrepancy and submit! upload the correct tree enumeration list | उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है, कि मोटर मार्ग के प्रस्तावित संरेखण पर 427 वृक्ष ही प्रभावित हो रहे है, विस्तृत विवरण Online Part-I के Additional Information के S.n.06 में संशोधित कर Upload कर दिया गया है। **Online Part-II में प्रभागीय वनाधिकारी स्तर से संशोधन किया जाना है।** |
| 2 | लाभान्वित होने वाले ग्रामों की स्थिति KML File पर अंकित कर ऑनलाईन पैरा C(ii) (b) पर अपलोड करें, साथ ही यह पाया गया है, कि एक मुख्य मार्ग पूर्व से ही उपलब्ध है तथा प्रस्तावित मार्ग की आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है। अतः राज्य सरकार इस पर अपना स्पष्ट अभिमत इस कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। | प्रस्तावित मार्ग की KML File को संशोधित कर Online Part-I के Column-C (II) (b) में Upload कर दिया गया है। उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है, कि लामबगड़ (नैलबैण्ड) से झूमाखेत (कुशरानी मल्ली) मोटर मार्ग (लम्बाई 3.50 किमी0) बॉजापानी तोक से प्रारम्भ होता है, जो कि उक्त मार्ग का प्रारम्भिक बिन्दु है। उक्त बसावट कुशरानी मल्ली प्रस्तावित मोटर मार्ग के किमी0 1.50 से किमी0 3.50 तक फैली हुई है। उक्त मार्ग हेतु प्रस्तावित लम्बाई 1.50 से 3.00 तक बसावट कुशरानी मल्ली तथा किमी0 3.00 से 3.50 तक उक्त बसवट की तोक सेटू झूमाखेत को संयोजित किया जाना लक्षित है।<br>अवगत कराना है, कि वास्तविक रूप से धरातल पर उक्त बसावटे असंयोजित है तथा मोटर मार्ग से लाभान्वित नहीं है। इसलिए उक्त बसावटों तथा उक्त बसावटों के अन्तर्गत छोटी–छोटी तोक को संयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त बसावट/तोक को संयोजित करने पर कुल 347 जनसंख्या को लाभान्वित किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है, कि क्षेत्र में मोटर मार्ग न होने से समस्त क्षेत्र विकास में बहुत पिछडा है, तथा वहॉ बसी जनसंख्या का ना ही सामाजिक एवं आर्थिक उथान हो पाया है, सामान्य दैनिक कार्यो हेतु ग्रामीणों को 4 से 05 किमी0 की पैदल दूरी तय करनी पडती है, अस्वस्थ्य तथा महिलाओ के प्रसव आदि की स्थिति में मोटर मार्ग न होने के कारण समय पर चिकित्सा लाभ नहीं मिल पाता है, जिससे उनके जीवन का संकट उत्पन्न हो जाता है, इसलिए उक्त मोटर मार्ग का निर्माण जनहित में किया जाना अतिआवश्यक है। |

अतः अनुरोध है, कि उक्तानुसार वनभूमि प्रस्ताव को आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अपने स्तर से अग्रसारित करने का कष्ट करें

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग पी0एम0जी0एस0वाई0
खण्ड कर्णप्रयाग।